**दिनांक– 11.11.2020 को विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त की समीक्षात्मक बैठक में अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना द्वारा दिए गए निदेश।**

उपस्थितिः– यथा पंजी संधारित।

1. **हवाई सर्वेक्षण एजेंसी की समीक्षाः**– प्रतिवेदित किया गया कि हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा, IL&FS एवं GIS Consortium द्वारा अपने सभी जिलों में एजेन्सी का कार्यालय स्थापित कर दिया गया है। IIC एजेन्सी द्वारा अभी तक कुल 11 जिलों में से केवल 4 जिलों में कार्यालय स्थापित किया गया है। वर्त्तमान सप्ताह में IIC, IL&FS एवं GIS Consortium द्वारा क्रमशः एवं 125, 185 एवं 359 A4 साईज के ऑर्थोफोटोग्राफ उपलब्ध कराया गये हैं एवं 288, 204 एवं 55 मौजों का प्रतिवेदन प्रपत्र–I एवं III में उपलब्ध कराया गया है। एजेंसियों को पत्रांक– 11169 दिनांक– 09.11.2020 के तत्काल कर्मी संसाधन एवं कार्य–योजना उपलब्ध कराने के लिए पुनः स्मारित किया गया है।

   निदेश दिया गया कि एजेंसियों को उनके बकाए का भुगतान करने के पूर्व उनके द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले कर्मी, संसाधन एवं कर्मी कार्य–योजना की उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाए।

2. **विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया में लगाए जाने वाले पिलरों के निर्माण पर व्यय के सम्बन्ध में:**– प्रतिवेदित किया गया कि भवन निर्माण एवं पथ निर्माण विभाग को पीला रंग पर काले रंग वाले पिलरों के संशोधित प्राक्कलन दने का अनुरोध किया गया है।

   निदेश दिया गया कि आगामी समीक्षात्मक बैठक तक पिलरों की दर निर्धारित कर अग्रेतर कार्रवाई की जाए।

3. **MARBLE के सम्बन्ध में:**– निदेश दिया गया कि निदेशालय स्तर पर तैयार किए MARBLE पर जिला स्तर से सुझाव प्राप्त करने के लिए 15 नवंबर, 2020 से 15 दिसंबर, 2020 के मध्य प्रमण्डलीय बैठक आयोजित करने सम्बन्धी पत्र अविलंब उपस्थापित किया जाए। साथ ही जिलों को निदेशित किया जाए कि प्रमण्डलीय समीक्षात्मक बैठक में MARBLE के संबंध में सुझाव देने के लिए जिला स्तर पर सरकारी अधिवक्ता एवं राजस्व सम्बन्धी अनुभवी अधिवक्ताओं को आमंत्रित किया जाए।

4. **प्रपत्र– 6 में भरी जाने वाली प्रविष्टियों के संबंध में:**– निदेश दिया गया कि इस सम्बन्ध में जिलों से सुझाव प्राप्त नहीं होने की स्थिति में निदेशालय स्तर पर इसे यथाशीघ्र अंतिम रूप से निर्धारित करते हुए जिलों को सूची उपलब्ध करा दी जाए।

5. **Legends के सम्बन्ध में:**– श्री चंदन कुमार, जी0आई0एस0 सलाहकार, बी0पी0एम0यू0, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को निदेशित किया गया है, के अनुमोदन हेतु अविलंब प्रस्ताव तैयार कर उपस्थापित किया जाए।

6. **प्लॉटर मशीन एवं नक्शा बिक्रीः**— उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि मधेपुरा में नई प्लॉटर मशीन भेज दी गई एवं एजेंसियों को अनुबंधित करने के लिए विज्ञापन देने के लिए निदेशालय में संचिका उपस्थापित की गई है। निदेश दिया गया कि विज्ञापन सम्बन्धी कार्रवाई अविलंब कर ली जाए एवं आगामी बैठक के पूर्व में दिए गए निदेश के अनुपालन में प्रत्येक प्रमण्डल स्तर पर पूरे राज्य का मानचित्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

7. **Modern Record Room के सम्बन्ध में:**— निदेशित दिया गया कि आधुनिक अभिलेखागार भवन का प्रतिवेदन जिलों से प्राप्त करने के लिए प्राधिकृत नोडल सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी को निदेशित किया जाए एवं उन्हें सम्बन्धित जिलों में भेजकर अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन प्राप्त किया जाए।

8. **बन्दोबस्त कार्यालय के लिए भाड़े पर भवन, वाहन तथा विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी एवं कानूनगो को ईंधन उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में:**— निदेश दिया गया कि पूर्व में दिए गए निदेशों के अनुपालन अविलंब आदेशार्थ संचिका उपस्थापित की जाए।

9. **बजट का प्रावधानः**— निदेशित किया गया कि PMU के अंकेक्षण प्रतिवेदन के प्रस्तुतीकरण, भारत सरकार को भेजे गए प्रस्ताव की समीक्षा, सूद की राशि व्यय करने एवं वित्तीय दायित्त्वों को पूरा करने के लिए PMU की बैठक के लिए तिथि निर्धारित की जाए।

10. **विशेष सर्वेक्षण सम्बन्धी प्रचार–प्रसारः**— सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, श्री राजेश कुमार सिंह को निदेशित किया गया कि आचार संहिता संहिता लागू होने के पूर्व प्रचार हेतु लंबित रेडियो जिंगल एवं अन्य विज्ञापनों को प्रसारित/प्रकाशित करने के सम्बन्ध में अग्रेतर कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए।

11. **विशेष सर्वेक्षण अमीनों का प्रशिक्षणः**— निदेश दिया गया कि विभाग के वरीय पदाधिकारियों द्वारा समर्पित विशेष सर्वेक्षण शिविरों के निरीक्षण प्रतिवेदनों से स्पष्ट है कि विशेष सर्वेक्षण अमीनों को और अधिक प्रशिक्षण दिए जाने की आवश्यकता है। अतः निदेशालय स्तर से कार्यरत अमीनों के प्रशिक्षण का जिलावार कार्यक्रम तैयार किया जाए।

17/11/20

**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांकः** – 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)– 249/2019......11203...................... **पटना, दिनांक** :–13.11.2020

**प्रतिलिपिः**– सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना/उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

13/11/20
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)– 249/2019......11203...................... **पटना, दिनांक** :–13.11.2020

**प्रतिलिपि** :– राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के जिलों के लिए प्राधिकृत सभी वरीय नोडल पदाधिकारी/निदेशालय स्तर से जिलों के लिए प्राधिकृत सभी नोडल पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।

13/11/20
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)– 249/2019......11203...................... **पटना, दिनांक** :–13.11.2020

**प्रतिलिपिः**– हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, आई0आई0सी0, आई0एल0एण्ड एफ0एस0, जी0आई0एस0 कंसोर्टियम को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

13/11/20
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)– 249/2019......11203...................... **पटना, दिनांक** :–13.11.2020

**प्रतिलिपिः**– निदेशालय के सभी प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप/प्रभारी तकनीकी कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप/जी0आई0एस0 सलाहकार,बी0पी0एम0यू0, भू–अभिलेख एवं परिमाप/श्री राजेश कुमार सिंह, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

13/11/20
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)– 249/2019......11203...................... **पटना, दिनांक** :–13.11.2020

**प्रतिलिपि** :–सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0 सेल को निदेशालय के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

13/11/20
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** – 17–तक0को0 (प्रशिक्षण)– 249/2019......11203...................... **पटना, दिनांक** :–13.11.2020

**प्रतिलिपि** :–अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

13/11/20
**निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप